# सरकारी काम की आड में भूमिगत केबल चुराने वाली गैंग गिरफ्तार

## बदमाशों के इस कारनामे के कारण 7 दिन तक ठप थी टेलिफोन-ब्रॉडबैंड सेवा

- **रात को भूमिगत केबल निकालकर टैंपों में डाल रहे थे बदमाश, पुलिस को देखकर भागे तो पकड़े गए**
- **सरकारी विभागों में ठेकेदारों के अधीन भूमिगत केबल डालने का काम करते हैं आरोपी**

**जयपुर** । विधायकपुरी थाना पुलिस ने केबल चोरी करने वाले छह शातिर चोरों को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी सरकारी काम की आड में रात को जमीन में दबी बीएसएनएल केबल चोरी करने का काम किया करते थे। इन लोगों को कोई टोकता तो ये लोग सरकारी काम का हवाला देकर चोरी की वारदात किया करते। रात्री गश्त के दौरान पुलिस टीम को इन पर शक हुआ तो बदमाशों से पूछताछ की गई। इस पर बदमाशों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने छह बदमाशों को गिरफ्तार कर इन के पास से लाखों रुपए की केबल,केबल काटने के उपकरण सहित नगदी और एक कार बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने शहर में अभी तक एक दर्जन से अधिक वारदात करना कबूल किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने केबल चोरी करने वाले 35 वर्षीय जाबिर हुसैन, 28 वर्षीय मोहम्मद सालिम,48 वर्षीय फिरोज, 44 वर्षीय आरफीन, 33 वर्षीय मोहम्मद दानिश और 37 वर्षीय मुजीबुर रहमान को गिरफ्तार किया गया है सभी निवासी बिहार हाल जयपुर के रहने वाले है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गैंग रात को केबल चोरी का काम किया करती थी। कोई इन से अगर पूछताछ भी करता है तो ये लोग सरकारी काम का हवाला देते थे। इसलिए इन पर कोई शक नहीं करता था। इन लोगों ने हाल ही में उत्तर जिले की टेलिफोन व ब्रॉडबैंड केबल चोरी कर ली। जिस से एक सप्ताह तक इस इलाके की सेवाएं प्रभावित हुई। पुलिस टीम ने इन बदमाशों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक लोडिंग टेम्पो, एक स्विफ्ट कार, लाखों की केबल, केबल काटने के उपकरण सहित 1 लाख 72 हजार रुपए बरामद किए।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि गत 4 फरवरी को गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा स्थित बीएसएनएल के उप-मंडल अधिकारी भोजराज सैनी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पीएचईडी विभाग की ओर से पाइप लाइन डालने की आड में लाखों रुपयों केबल चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया 23 दिसंबर, 2024 से 25 जनवरी पीएचडी डिपार्टमेंट की तरफ से पाइप लाइन डालने का काम किया गया था। लेकिन 26 फरवरी को लोगों की ब्रॉबैंड और टेलीफोन सेवाएं बंद हो गई।

पुलिस पूछताछ सामने आया है कि बदमाश सरकारी विभागों के ठेकेदारों के अधीन रहकर भूमिगत केबल डालने का काम करते है तथा अन्य सरकारी काम के दौरान दिन में रेकी करके रात को एक्पर्ट मजदूरों को दोगुनी मजदूरी का लालच देकर रात-रात में खड्डे खोदकर 5-6 फीट नीचे भूमिगत केबल को आधुनिक उपकरणों से काटकर उसको जलाकर बेचते है। कुछ ही घण्टों में रात को 500 मीटर केबल को काटकर रात को ही खडडे भर कर फरार हो जाते है। केबल चोरी करने के बाद बीएसएनल अधिकारियों को केबल चोरी की सूचना भी देते है।

रात को गश्त के दौराने एमआई रोड पर 5-6 व्यक्ति भूमिगत केबल को निकालकर लोडिंग टैम्पों में डाल रहे थे। पास में ही एक स्वीफ्ट कार खडी थी, जो पुलिस की गाडी को देकर यहां से भागने की कोशिश करने लगे, जिन पर संदेह होने पर बनवारी लाल मीणा थानाधिकारी विधायकपुरी मय जाप्ता के घेराबन्दी कर बदमाशों को पकड़ा।

# मोबाइल छीनने वाले गिरोह के पांच बदमाश गिरफ्तार

- **मुहाना पुलिस ने वारदात का 24 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपियों को पकड़ा**

**जयपुर** । मुहाना थाना इलाके में हुई दो अलग-अलग मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों का 24 घंटों में खुलासा करते हुए पुलिस ने गिरोह शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने करीब आधा दर्जन से अधिक वारदात करना कबूल किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना इलाके में हुई दो अलग-अलग मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों का खुलासे हुए पुलिस ने आरोपी नवल किशोर राणा (21) जयसिंहपुरा भांकरोटा, मनीष राठौड़ (25) भगवती नगर भाकंरोटा, हरिओम (23) रेगरो का मोहल्ला सांगानेर मालपुरा गेट, सलमान उर्फ लाला (25) हुसैन कॉलोनी सांगानेर मालपुरा गेट एवं रवि उर्फ बालकिशन बैरवा (34) पावलिया तहसील सांगानेर मुहाना दक्षिण को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने 30 और 31 जनवरी को मोबाइल स्नेचिंग की दो अलग-अलग वारदात की थी। इस संबंध में पहली रिपोर्ट मालपुरा गेट निवासी अमित सिंह ने रिपोर्ट दी थी, कि वह मालपुरा गेट से ई-रिक्शे से अपने घर लौट रहा था, इस दौरान सवाई माधोपुर पुलिया के पास चार बदमाश उसका मोबाइल छीनकर भाग गए थे। इसी प्रकार दूसरी रिपोर्ट चौथ का बरवाड़ा सवाई माधोपुर निवासी दिलखुशी सैनी ने दी थी, उसने भी अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वह एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। दोपहर में वह चाय पीने के लिए दुकान पर जा रहा था, इस दौरान दो बदमाश आए और उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। दोनों परिवादियों के साथ हुई मोबाइल स्नेचिंग की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एक स्पेशल टीम गठित कर मोबाइल स्नेचिंग करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 5 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार पांचों आरोपी नशे के आदि है और नशा करने के लिए वारदात करते है।

ये बदमाश वाहन चोरी कर मोबाइल चोरी करने का प्लान करते है। वारदात को अंजाम देने के लिए ये सभी बदमाश सुनसान जगहों पर रैकी कर पैदल चलने वालों से मोबाइल छीनकर फरार हो जाते है तथा वारदात में चोरी की बाइक का उपयोग करते है। मोबाइल्स को अलग-अलग जगहों पर कम दामों में बेचकर नशा करते है तथा चोरी की बाइक का जहां भी तेल खत्म होने पर उसे वहीं फेंककर फरार हो जाते हैं।

## सार-समाचार

### 14 किलो डोडा-चुरा के साथ तस्कर पकड़ा



**जयपुर** । सिंधी कैम्प पुलिस ने चौदह किलो मादक पदार्थ की सप्लाई करने आए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 14 किलो मादक पदार्थ डोडा चुरा पाउडर बरामद किया। इसे वह जयपुर की कई दुकानों में सप्लाई करने वाला था। मुखबिर से मिली जानकारी के बाद सिंधी कैम्प थाना पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि जयपुर कमिश्नरेट की ओर से ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत सिंधी कैम्प थाना पुलिस को जानकारी मिली कि इलाके में एक व्यक्ति यूपी से मादक पदार्थ लेकर आया है। इस पर एक टीम गठित कर इलाके में एक पॉइंट पर दबिश दी गई। जिस पर पुलिस ने सुभाष राजभर (52) उर्फ रमेश पुत्र रामधनी ठाकुर को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से 14 किलो मादक पदार्थ डोडा चुरा पाउडर बरामद हुआ। आरोपी ने जयपुर सिटी में कई जगहों पर इस की सप्लाई करना कबूला। इस पर उसे गिरफ्तार कर मादक पदार्थ को सीज किया गया हैं।

### मैराथन में 42 कि.मी. दौड़े विष्णु टांक



**जयपुर** । जयपुर मैराथन में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं जयपुर आइकन विष्णु टांक फिर से युवाओं के लिए प्रेरणा बने। आज की भागदौड़ के जीवन में सेहत को ओर अपने आप को फिट रखना बेहद जरूरी है, शारीरिक फिट रहेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। यही संदेश आमजन तक पहुंचाने के लिए विष्णु टांक जयपुर मैराथन में हजारों लोगों के साथ दौड़े। टांक ने 55 से 60 की उम्र में पार्टिसिपेट किया। इस उम्र के 163 रनर्स ने पार्टिसिपेट किया था, जिसमें टांक 13 नंबर पर रहे। करीब 42 किलोमीटर की दौड़ में उन्होंने हिस्सा लिया। यह दौड़ उन्होंने 5 घंटे 10 मिनट में पूरी की। ज्ञात रहे कि विष्णु टांक, देश-विदेश में कई मैराथन में भाग ले चुके हैं और कई रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके है। पिंक सिटी रनर ऑफ द ईयर 2024 का अवॉर्ड हाल ही में उन्हें दिया गया था।

### पुलिसकर्मी से मारपीट करने वाले पकड़े

**जयपुर** । कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो फरवरी को यातायात पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी बरामद किया है। आरोपियों ने यातायात संचालन के दौरान कार्रवाई को लेकर मारपीट की थी और पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास भी किया था। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो फरवरी को यातायात पुलिसकर्मी हेड कांस्टेबल रोशन लाल पर यातायात संचालन के दौरान 52 फीट हनुमान मंदिर आगरा रोड पर मारपीट और गाड़ी चढाने का प्रयास करने वाले मजहर शब्बीर उर्फ जावेद,वसीम खान और फिरोज खान उर्फ अन्ना को गिरफ्तार किया है और तीनों ही आरोपी बौली जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन बरामद किया है।

### राष्ट्रीय एकता शिविर में गणेश का चयन



**जयपुर** । भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय बेंगलुरू की ओर से सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर 11 फरवरी से 17 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में 10 राज्यों के 200 स्वयंसेवक एवं 10 कार्यक्रम अधिकारी भाग लेंगे जो अपने-अपने राज्यों की कला, संस्कृति, खान-पान वेश- भूषा, त्यौहार आदि का प्रदर्शन करेंगे। राजस्थान क्षेत्रीय निदेशालय से 5 स्वयंसेवक और 5 स्वयसेविकाओं एवं एक कार्यक्रम अधिकारी का चयन किया गया है। जिसमें लाल बहादुर शास्त्री पीजी महाविद्यालय के एम ए (प्रवेश) इतिहास विभाग के छात्र गणेश बैरवा का चयन किया गया है। श्री एसपी भटनागर (निदेशक), डॉ. मुदित गुप्ता ( प्राचार्य) एवं डॉ चंदन रावत (समन्वयक एवं कार्यक्रम अधिकारी) ने स्वयंसेवक को बधाई दी। गणेश बैरवा राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक होने के साथ सामाजिक कार्यकर्ता भी है। उनके सराहनीय कार्य के लिए राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से गणेश बैरवा को वर्ष 2023 में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

### जार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**जयपुर।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान ने सीएम भजनलाल को पत्र लिख कर पत्रकारों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षारत राजस्थान जर्नलिस्ट हेल्थ स्कीम (आरजेएचएस) लागू करने की मांग की है। जार के प्रदेश अध्यक्ष संजय सैनी और महासचिव सुरेश पारीक ने अपने पत्र में लिखा है कि गत वर्ष विधानसभा में 2024 के बजट में राजस्थान सरकार ने अधिस्वीकृत पत्रकारों के लिए राजस्थान जर्नलिस्ट हैल्थ स्कीम (आरजेएचएस) लागू करने की घोषणा की थी। गत साल के बजट की घोषणा की क्रियान्वति के लिए पत्रकार साथी इसका लंबे समय से इंतजार कर रहे है। इस हैल्थ स्कीम को लागू नहीं होने के कारण कई वरिष्ठ और सीनीयर पत्रकारों को अपनी बीमारी का इलाज कराने में परेशानी हो रही है। खासतौर पर गंभीर बीमारियों, ह्दय रोग, डायबिटीज, व कैंसर जैसी अन्य बीमारियों में इलाज नहीं मिल पा रहा है। जार के चुनाव के बाद जब सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और संगठन से जुड़े वरिष्ठ साथियों ने आपका ध्यान इस ओर दिलाया था तो आपने 31 दिसंबर 24 तक सभी घोषणाओं को पूरा करने का विश्वास दिलाया था। इनमें आरजेएचएस स्कीम लागू करना था। जार ने नए बजट में पत्रकारों की जयपुर में आवास योजना पूरी करने, पत्रकारों की पत्रकार सम्मान निधि की राशि 15 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपए करने का अनुरोध किया है।

### सदन में गूंजी नया जिला बनाने की मांग

**जयपुर** (विसं)। राज्य विधानसभा में बुधवार को जहां एक तरफ कांग्रेस विधायक पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय नवगठित 17 में से 9 जिलों को खत्म करने के मुद्दे पर हंगामा कर रही थी, उसी वक्त शून्यकाल में भाजपा विधायक राजेन्द्र मीणा ने महुआ तहसील में नया जिला बनाने की मांग कर डाली। शून्यकाल में महुआ से भाजपा विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि महुआ तहसील के आखिरी गांव की दूरी दौसा से 120 किलोमीटर है। लोगों की सुविधा के लिए दौसा जिले की महुआ तहसील को नया जिला घोषित किया जाना चाहिए।

### प्रयागराज महाकुंभ के लिए बस रवाना

**जयपुर** । मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने सन टू ह्यूमन, जवाहर सर्किल ग्रुप के द्वारा प्रयागराज कुंभ के लिए जा रहे यात्रियों की बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। सराफ ने सभी यात्रियों को 144 वर्ष के बाद प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ में जाने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर तेजकरण पाराशर अध्यक्ष जवाहर सर्किल, कविता शर्मा, अनिल राजोरिया, संजय अग्रवाल, जितेंद्र सोनी, सतपाल एडवोकेट, नरेंद्र पाल एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हथियार दिखाकर ज्वैलर को लूटने वाले दो बदमाश पकड़े

## आरोपियों से लूट का सामान, बाइक व हथियार जब्त



कालवाड़ थाना पुलिस ने लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को दबोचा।

**जयपुर** । कालवाड इलाके में गत दिनों हथियार की नोक पर ज्वैलर की दुकान से 300 ग्राम चांदी, मोबाइल और बैग लूटने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से एक अवैध कट्टा, दो जिंदा कारतूस और वारदात में काम में ली गई बाइक भी बरामद की है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि कालवाड थाना इलाके में गत दिनों हथियार की नोक पर ज्वेलर की दुकान से 300 ग्राम चांदी, मोबाइल और बैग लूटने वाले आरोपी आरोपी जयराम बाना निवासी मूलत: बंशीपुरा जोबनेर हाल बालाजी विहार गोविंदपुरा करधनी एवं शिव मोहन चौहान निवासी मूलत: महुआ जिला दौसा हाल निवारू रोड कालवाड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। घटना में इस्तेमाल बाइक को भी पुलिस ने बदमाशों से बरामद किया। गिरफ्तार दोनों बदमाशों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। बदमाश जयराम बाना पर पहले भी चोरी व लूट के मुकदमे हैं। इनसे अन्य वारदातें खुलने की संभावना है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों ने गत 18 जनवरी की रात किशनपुरा रोड हाथोज में एक ज्वेलर की दुकान पर हथियार दिखाकर उसकी दुकान से 300 ग्राम चांदी, मोबाइल और बैग लूटकर फरार हो गए थे। इस संबंध में पीड़ित ने थाने में लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते पुलिस की एक स्पेशल टीम का गठन किया गया और टीम ने आस-पास के सीसीटीवी कैमरों तलाशे और दोनों आरोपियों की पहचान कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी बानाराम के इसके पहले भी लूट व चोरी के मुकदमे दर्ज है, जिससे अन्य वारदातों के खुलने की संभावना है।

# कैंसर जांच के लिए नारायणा हॉस्पिटल ने शुरू की पहल

**जयपुर** । कैंसर दुनिया भर में मौत के प्रमुख कारणों में से एक है, लेकिन अगर इसे जल्दी पहचान लिया जाए, तो इसका इलाज संभव है और जीवन को बचाया जा सकता है। समय पर कैंसर का पता चलने से उसका इलाज सरल और प्रभावी होता है और इससे कैंसर को शुरुआती स्टेज में ही रोका जा सकता है। इसी महत्वपूर्ण उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए नि:शुल्क मैमोग्राम जांच डॉक्टर्स के सलाह अनुसार की जायेगी। यह पहल स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसे समय रहते पहचानने के उद्देश्य से की गई है। स्तन कैंसर भारतीय महिलाओं मे सर्वाधिक पाया जाने वाला कैंसर है । डॉ. रोहित स्वामी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, नारायणा हॉस्पिटल, ने बताया कि इस साल का विश्व कैंसर दिवस का विषय "यूनाइटेड बाय यूनिक " है, जो यह दर्शाता है कि हर मरीज का कैंसर से जूझने का अनुभव अलग होता है, और हमें मरीज की स्थिति को समझते हुए उनका इलाज उनके अनुरूप देना चाहिए। डॉ. निधि पाटनी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डायरेक्टर, नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने कहा, "मैमोग्राफी एक बहुत प्रभावी जांच विधि है, जो स्तन कैंसर का जल्दी पता लगाने में मदद करती है।

# 'महासंघ के धरने में शामिल होंगे हाऊसिंग बोर्ड कर्मचारी'

- **खेमराज कमेटी की रिपोर्ट को लेकर है प्रदेश के कर्मचारियों में रोष**

**जयपुर** (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आव्हान पर 7 फरवरी को कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलक्टर जयपुर के समक्ष लगाये जा रहे धरने में राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ से जुडे जिलेभर के कर्मचारी शामिल होंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दशरथ कुमार एवं कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद ने बताया कि बोर्ड कर्मचारी संघ की समस्त जिला शाखा द्वारा मण्डलकर्मियों को इस धरने में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया गया है।

राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के संयुक्त महासचिव गोविन्द नाटाणी एवं रमेश चन्द शर्मा ने बताया कि उक्त धरना केन्द्र एवं राज्य के लाखों कर्मचारी लंबे समय से एनपीएस का विरोध करते हुये ओपीएस लागू करवाने की मांग कर रहे है जबकि केन्द्र सरकार ने एनपीएस की जगह यूपीएस लागू करने की ठान रखी है जो महासंघ सहित किसी भी कर्मचारी संगठन को स्वीकार नहीं है। इसलिये आंदोलन आवश्यक हो गया है। दूसरी ओर खेमराज कमेटी को सार्वजनिक तो किया लेकिन आम कर्मचारियों को निराशा हाथ लगी। उक्त खेमराज कमेटी का विरोध करते है। दूसरी ओर सरकार संविदा प्रथा को लेकर आम कर्मचारियों को धोखे में रख रही है। जिससे केन्द्र ओर राज्य में अधिकांश रिक्त पद पडे है। प्रदेश अध्यक्ष दशरथ कुमार एवं कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद ने बताया कि सरकार की निजीकरण की नीति के तहत अनेक विभागों में पद समाप्त किये जा रहे है और संविदा पर भर्तीयां निकाली जा रही है। पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षित निरंतरता वेतन विसंगतियां दूर करने पदौन्नित के अवसर बढाने और विभिन्न मांगों को लेकर 7 फरवरी को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बेनर तले जिला मुख्यालयों पर होने वाले धरने पर मण्डलकर्मी मौजूद थे।

# गणेश घोघरा ने मंत्री पर टिप्पणी की तो स्पीकर ने फटकार लगाई

- **जनजाति छात्रावास खोलने के मुद्दे पर विधायक घोघरा व मंत्री बाबूलाल खराड़ी के बीच हुई नोंकझोंक**

**जयपुर** (विसं)। विधानसभा में बुधवार को विधायक गणेश घोघरा और जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी के बीच जमकर नोंकझोंक हुई। प्रश्नकाल के दौरान दोनों के बीच जमकर खींचतान हुई।

दरअसल जनजातीय इलाकों में महिला छात्रावास खोले जाने का प्रश्न गणेश घोघरा ने लगाया था। जिस पर जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने जवाब देते हुए कहा, हमारा विभाग महिला छात्रावास नहीं खोलता है, यह नियमों में नहीं है। अगर आपको लगता है तो सरकार वृद्ध आश्रम चलाती है। वहां महिला और पुरुष दोनों रह सकते है। इससे नाराज होकर कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा ने मंत्री पर टिप्पणी कर दी कि "आप, फिर मंत्री क्यों बने हो! जनजाति विकास विभाग महिला छात्रावास क्यों नहीं खोलना चाहता है"। गणेश घोघरा की टिप्पणी पर स्पीकर ने आपत्ति जताते हुए कहा, आप सीधे कमेंट नहीं कर सकते, आप सवाल पूछ सकते हैं, मंत्री पर टिप्पणी नहीं करोगे। इससे पूर्व में घोघरा ने कहा कि, आप स्कूलों में नामांकन क्यों नहीं बढ़ाना चाहते, आप आदिवासियोंको हक दिलाना चाहते हो या नहीं। मंत्री ने कहा कि यह नियमों में है कि हम स्कूल ज्यादा नहीं खोल सकते।

# अफसरों ने 3 घंटे फील्ड में जांची सफाई व्यवस्था

**जयपुर** । स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 से पूर्व हेरिटेज निगम के अधिकारी सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार फील्ड में निरीक्षण कर रहे है। हैरिटेज निगम आयुक्त अरूण कुमार हसीजा के निर्देश के बाद जोन उपायुक्त, वार्ड प्रभारी ने बुधवार को वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड प्रभारियों ने हाजिरीगाह में सफाई मित्रों की उपस्थिति चेक की, फिर फील्ड में जाकर सभी कर्मचारियों का भौतिक सत्यापन भी किया। वहीं, स्थानीय निवासियों से भी क्षेत्र में की जा रही सफाई व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया। आयुक्त अरूण हसीजा ने बताया कि अफसरों ने करीब 3 घंटे तक हाजिरीगाह का निरीक्षण, सफाई मित्रों का भौतिक सत्यापन और आमजन से फीडबैक लिया गया।

# प्रत्येक संभाग पर अलग-अलग मुख्यमंत्री बने हैं : हरिमोहन शर्मा

**जयपुर** । राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि अंतर्विरोध मुख्यमंत्री को कमजोर कर रहे हैं। अलग-अलग संभाग पर अलग-अलग मुख्यमंत्री बने हुए हैं। कोटा संभाग के मुख्यमंत्री अलग, बीकानेर और जोधपुर के मुख्यमंत्री के अलग हैं, जयपुर के मुख्यमंत्री अलग हैं।

सदन में हरिमोहन शर्मा ने पंचायती राज के तबादलों में गड़बड़ियों को लेकर सरकार पर जमकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि पंचायती राज में तबादलों का यह हाल था कि 1000 तबादलों पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। हिंदुस्तान में यह रिकॉर्ड बन गया है, इससे ज्यादा शर्म की बात क्या हो सकती है। हरिमोहन शर्मा ने मंत्री दिलावर से कहा कि मैं आपकी बेशर्मी के लिए आपको धन्यवाद देता हूं। मंत्री दिलावर ने कहा कि स्टे का कोई आधार तो होगा। पंचायती राज के तबादलों में गड़बड़ियां को लेकर सरकार पर जमकर तंज कसे। हरिमोहन शर्मा ने कहा कि पंचायती राज में तबादलों का यह हाल था कि उनके किए गए 1000 तबादलों पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। इस पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि कोर्ट के आदेशों की यहां विवेचना करना गलत है। सदन में कोर्ट के आदेशों पर चर्चा नहीं हो सकती। इसे लेकर विधानसभा में हंगामा हो गया। कई मंत्रियों ने हरिमोहन शर्मा की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई। जूली ने कहा कि यहां सब बराबर के हैं। संसदीय कार्य मंत्री की डांट खाने के लिए विधायक नहीं आते हैं।

# 331 अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र

**जयपुर** । कौशल रोजगार एवं उद्यिमता विभाग के तत्वावधान में बुधवार को कानोडिया पी.जी. महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निजी क्षेत्र के 28 संस्थानों ने भाग लेकर कुल 237 बेरोजगार आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन एवं 94 बेरोजगार आशार्थियों का प्रशिक्षण हेतु चयन कर कुल 331 आशार्थियों को लाभान्वित किया गया।

उप निदेशक नवरेखा ने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में कौशल, रोजगार एवं उद्यिमता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने युवाओं को बेहतर रोजगार हेतु शिक्षा के साथ कौशल पर बल देने हेतु प्रेरित किया। साथ ही 14 आशार्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान कर प्रोत्साहित भी किया।

# जयपुर में 300 सी.एन.जी. और 150 इलेक्ट्रिक बसें जल्द चलाएंगे : खर्रा

- **'सरकार किराये पर भी बसे लेकर संचालित करने पर विचार कर रही'**

**जयपुर** । स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को विधानसभा में बताया कि जयपुर शहर में 300 सीएनजी एसी एवं 150 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सरकार यहां पर किराये पर भी बसें चलायेगी।

खर्रा प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि जयपुर शहर में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा में विस्तार करने के लिए 300 सीएनजी चलित एसी मिनी बसों की निविदा प्रक्रिया जारी है और इसकी तकनीकी निविदा छह फरवरी को खोली जाएगी एवं इसके बाद परीक्षण कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त पी.एम.ई बस सेवा योजना में नई 150 इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए भी केन्द्र सरकार के स्तर से निविदा गत दो जनवरी को खोली जा चुकी है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि जयपुर शहर में परिवहन की कमी को दूर करने के लिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के आपसी समन्वय एवं संसाधनों का सदुपयोग कर नई इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी बसें चलाने की कार्यवाही भी की जा रही है। इन बसों का संचालन प्रतिदिन न्यूनतम किराये के अनुसार भुगतान कर किया जायेगा तथा सरकार इन बसों में परिचालक नियुक्त कर आय अर्जित कर पायेगी। इससे आमजन को कम खर्च में बेहतरीन परिवहन सुविधाएँ मिलेंगी। इससे पहले विधायक कालीचरण सराफ के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि शहरी मामलों के मंत्रालय के मानकों के तहत पब्लिक ट्रांसपोर्ट में 10 हजार की आबादी पर 6 बसों के हिसाब से 40 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए 2 हजार 400 बसों का प्रावधान है।

# जयपुर मेट्रो का दौरा किया

**जयपुर** (कासं)। कोलकाता मेट्रो के अध्यक्ष व महाप्रबंधक पी.उदय.कुमार रेड्डी ने बुधवार को जयपुर मेट्रो का आधिकारिक दौरा किया। रेड्डी ने जयपुर मेट्रो के निदेशक कंपनी मामलात और सभी पूर्णकालिक निदेशकों के साथ जयपुर मेट्रो परिचालन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की।

बैठक के बाद उन्होंने मेट्रो डिपो का निरीक्षण किया एवं जयपुर मेट्रो की संरचना और संचालन क्षमता का गहन अवलोकन किया गया। उन्हें मेट्रो सुरक्षा के लिए लागू उन्नत प्रोटोकॉल जैसे निगरानी प्रणाली, प्रवेश नियंत्रण और आपदा प्रबंधन रणनीतियों के बारे में जानकारी दी गई। रेड्डी ने मेट्रो ट्रेन द्वारा मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन तक यात्रा कि और जयपुर मेट्रो की कुशल परिचालन व्यवस्था का अनुभव किया।

# जमीनी विवाद में बदमाशों ने फायरिंग कर दहशत फैलाई

- **खोह-नागोरियान में डिस्पेंसरी के पीछे स्थित जमीन को लेकर था दो पक्षों में विवाद**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । खोह नागोरियान में डिस्पेंसरी के पीछे स्थित जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चला है। बुधवार को जमीन पर कब्जा करने की नियत से एक पक्ष के लोग 4-5 गाड़ियों में सवार होकर मौके पर पहुंची और जमीन पर कब्जा करने लगे। इस पर दूसरा पक्ष वहां पर पहुंच गया। इस दौरान एक पक्ष ने आरोपियों पर पथराव किया तो दूसरे पक्ष ने हवाई फायर किया। फायरिंग की आवाज सुनकर इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दो युवकों को पकड़कर थाने ले आई।

थानाधिकारी ओमप्रकाश माठवा ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए थे। जमीन कब्जाने आए लोगों पर दूसरे पक्ष ने पथराव किया तो एक पक्ष ने हवाई फायरिंग कर दी। फायरिंग की सूचना पर मौके पर पहुंचे जमीन पर कब्जाने आए बदमाश भागने लगे। इनमें से दो लोगों को पकड़कर थाने पर लाया गया है। फिलहाल इस मामले में किसी भी पक्ष ने कोई शिकायत नहीं दी है। इस जमीन पर एक पक्ष ने कोर्ट से स्टे ले रखा है।